तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 11 मई 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 ग्रीष्मकाल में गुलमोहर की छटा से महक उठा ...





12 10वीं व 12वीं उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का ...




## खबर संक्षेप

### दो युवकों की इलाज के दौरान मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** सीएचसी चारामा में ईलाज के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल हुए दो युवक का ईलाज के दौरान 9 मई को मौत हो गई। लखनपुरी निवासी थानेश्वर कोर्राम ने पुलिस को बताया कि वाहन चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक 24 वर्षीय अजीत कोर्राम गंभीर रूप से घायल हो गया व ईलाज के दौरान मौत हो गया। वही दूसरे प्रकरण में लखनपुरी निवासी मनोज मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक 24 वर्षीय रामेश्वर मंडावी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए सीएचसी चारामा लाया गया। ईलाज के दौरान उसका मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत राईसमिलपारा कांकेर कि युवती ने फांसी लगा लिया, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका राईसमिलपारा निवासी 18 वर्षीय कंचन नेताम ने फांसी लगा लिया था। मृत अवस्था में उसे अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ ने लगाई फांसी

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र के 49 वर्षीय ललित गजबिए ने पंखा से लटक कर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सिरसिदा निवासी सुखराम गजबिए ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 8 मई को कमरे में लगे पंखे में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो को अभी तक पता नही चल पाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### हड़ताल में नहीं जाएगा खदान मजूदर संघ, मुख्य महाप्रबंधक किरंदुल को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** खदान मजदुर संघ भिलाई के शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव तथा सचिव महेंद्र कुमार ने किरंदुल के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर कहा है कि उनका संघ 20 मई को कतिपय संगठनों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल में शामिल नहीं होगा। अन्य कार्यदिवस के भांति अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होंगे। इस दौरान हमारे पदाधिकारियों एवं सदस्यों को कार्यस्थल पर सकुशल पहुंचाने की जिम्मेदारी परियोजना प्रबंधन की होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय मजूदर संघ ने 1971 में ऑर्डिनेंस कारखाना कानपुर में श्रमिकों के हितों को लेकर हड़ताल किया था उस दौरान भारत और पकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ गया जिससे अन्य यूनियनों को यह लगा कि अब तो सरकार की मजबूरी है मांग अवश्य पूरी हो जाएगी। लेकिन भारतीय मजूदर संघ ने देशहित को सर्वोपरि मानते हड़ताल को टाल कर बिना किसी अतिरिक्त वेतन के 16 घंटे काम कर देशहित, उद्यम हित, श्रमिक हित के संकल्प को सिद्ध किया।

### कराते प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए खिलाड़ी

**दंतेवाड़ा।** 9 वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई तक भिलाई में किया जा रहा है। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के कराटे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तथा राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में चयनित प्रथम स्थान वाले सभी खिलाड़ी 11 जून से 15 जून तक देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला दंतेवाड़ा के खिलाड़ी सरजीत सिंह बख्शी के मार्गदर्शन में कोच अरुण नाग के नेतृत्व में रवाना हुए।

---

**हादसा : घायल ड्राइवर का अस्पताल में इलाज जारी**

# कांकेर बायपास में लौह अयस्क से भरे दो ट्रकों में हुई भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ दो घंटे तक ट्रक में फंसा रहा चालक





बायपास कांकेर में बीती रात शुक्रवार को लगभग साढ़े 9 बजे के आसपास रावघाट खदान से लौह अयस्क से भरे दो ट्रक आगे पीछे टकरा गए, जिसमें एक ट्रक का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें चालक ट्रक में दो घंटे तक फंसा रहा। यातायात पुलिस की मशक्कत के बाद हाईवा की स्टेयरिंग में फंसा चालक दो घंटे बाद निकल पाया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बीती रात को साढ़े 9 बजे के आसपास नारायणपुर की ओर से लौह अयस्क से भरी दो हाईवा कांकेर बायपास में कोडेजुंगा चौक के पहले हाईवा क्रमांक सीजी 21 जे 6725 आगे चल रही थी और पीछे चल रही हाईवा क्रमांक सीजी 21 जे 0667 के चालक ने लापरवाही बरतते हुए आगे चल रही हाईवा को जबरजस्त ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसमें हाईवा क्रमांक सीजी 21 जे 0667 का चालक बुरी तरह से घायल होकर स्टेयरिंग में फंस गया था। हाईवा का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। स्टेयरिंग में फंसे हाईवा का चालक नहीं निकल पा रहा था। एक्सीडेंट के चलते बायपास में जाम लग गया। इस ट्रक में आग भी लग गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पुलिस की पेट्रोलिंग और यातायात की टीम मौके पर पहुँची। फायर ब्रिगेड को बुलाकर सबसे पहले आग को कंट्रोल किया, उसके उपरांत चालक को निकालने के लिए जेसीबी को बुलाया गया। यातायात पुलिस की सुझबूझ से हाईवा में फंसे हाईवा चालक को जेसीबी की मदद से बाहर निकला

▶▶| शेष पेज 11 पर

### रावघाट खदान से आ रहा था लौह अयस्क

भिलाई इस्पात संयत्र के लिए रावघाट खदान से लौह अयस्क परिवहन कर भिलाई जा रहा था। यह हाईवा वाहनों की रफतार भी बहुत तेज रहती है। भिलाई इस्पात संयंत्र में लगे हाईवा चालकों की लापरवाही के कारण ही हादसे हो रहे है। हाईवा में भिलाई इस्पात संयंत्र के नोडल अधिकारी का पोस्टर चस्पा था, परंतु उसका कहना था कि हादसे को लेकर हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। हाईवा में मेरे नाम को जो पोस्टर लगा है, वो पर्यावरण के नियमों के अनुरूप लगाया गया है।

### दुर्घटनास्थल बन गया है हादसा स्थल

बीती रात को पेट्रोल पंप के सामने जिस जगह हादसा हुआ है, इसके आसपास लगातार हादसे होते रहते है। घटनास्थल पर उपस्थित आसपास के लोगों का कहना है कि बायपास रोड में अंधेरा रहता है और पेट्रोल पंप के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारे लगी रहती है, जो हादसे की घटनाओं को संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा बायपास में हो रहे हादसों पर विराम नहीं लगा पा रहा है, जबकि यह सीधा सड़क है। हादसा होने के कारण को खोजने के लिए यातायात टीम को मशक्कत करना पड़ेगा।

### मदद के लिए लगी टीम में यह रहे शामिल

मदद करने में यातायात की टीम में एसआई रामेश्वर चतुर्वेदी, एएसआई महावीर मिश्रा, प्रधान आरक्षक कलेश श्याम और हाइवे पेट्रोलिंग का अमला शामिल रहा।

---

## भानुप्रतापपुर में हर माह चोरी की घटनाओं को दे रहे अंजाम, नगदी व जेवरात सहित 1 लाख की हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ घर सूना पाकर चोरों ने तोड़ी अलमारी, लाखों के माल पर किया हाथ साफ

सुभाषपारा में आधी रात को अज्ञात चोर ने आलमारी का लॉकर तोड़कर सोने के आभूषण व नगदी की चोरी की घटना हो गई। अज्ञात चोर ने नगद व जेवरात समेत कुल 1 लाख 18 हजार 500 रूपए की चोरी के घटना को अंजाम दिया। भानुप्रतापपुर में हर माह कम से कम एक चोरी की घटना हो रही है, पुलिस पिछली चोरियों का भी खुलासा नहीं कर पाई है।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे सुभाषपारा भानुप्रतापपुर निवासी 31 वर्षीय प्रीति गुप्ता पति राहुल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि ग्राम कोयलीबेड़ा में महिला एवं बाल विकास में कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत हूं। मै 6 माह की मातृत्व अवकाश में घर पर हूं।

घर पर मै और मेरे पति राहुल गुप्ता और 2 बच्चे है। हमारे साथ मेरी बड़ी दीदी का बेटा निकेश्वर जयते हमारे साथ रहता है, जो हॉटल में काम करता है। अपने दोनो बच्चों को साथ लेकर 5 मई को बालोद अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गई थी एवं मेरे पति अपने काम से राजनांदगांव गया था। उसी रात करीबन 12 बजें निकेश्वर जयते ने फोन के माध्यम से बताया कि मैं शाम करीबन 6 बजे काम पर होटल गया था। वापिस लगभग साढ़े 11 बजे घर आया तो घर अंदर रखे आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। अलमारी में एक जोड़ी सोने का झुमका कीमत 85 हजार रूपएं, एक जोड़ी सोने की कान की बाली कीमत 12 हजार 500 रूपएं एवं नगद 21 हजार रूपएं 1 लाख 18 हजार 500 रूपए को किसी अज्ञात चोर ने मेरे आलमारी का लॉकर को तोड़कर चोरी कर लिया।

चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

---

## धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार फरार साथी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ फर्जी तरीके से करता था लोन राशि का वितरण

■ मामले में फरार एक अन्य आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस



एचडीबी फायनेंस कंपनी का कलेक्शन कर्मचारी धोखाधड़ी करके दो माह से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कई जगह छापामार कार्यवाही भी किया था। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता लालबाग जगदलपुर निवासी नरेश जेठवा पिता चिमनलाल जेठवा ने पुलिस को बताया था एचडीबी फायनेंस सर्विस कंपनी ब्रांच कांकेर में आरोपी राघवेन्द्र झा, नितेश बघेल तथा जितेन्द्र धारगाये की पदस्थापना थी। पदस्थापना के दौरान में कस्टमर से फायनेंस एवं कलेक्शन का कार्य करते थे। कार्य के दौरान 27 सितंबर 2024 एवं 30 सितंबर 2024 को तीनों आरोपी मिलकर कस्टमर से कुल कलेक्शन राशि 2 लाख 91 हजार रूपया का रसीद काटकर कस्टमर को देकर कलेक्शन राशि को फाइनेन्स कंपनी में जमा ना कर के स्वयं के पास रख कर कंपनी के रकम को गबन किया था। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 316(2), 316(5), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देश, एएसपी दिनेश सिन्हा मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मनीष नागर ने टीम का गठन कर आरोपियों की पतासाजी शुरू किया। आरोपी जितेन्द्र धारगाये पिता दुखहरण को12 मार्च को गिरफ्तार किया गया था एवं अन्य फरार आरोपी की पतासाजी सघनता से की जा रही थी। दो माह बाद मुखबिर से जानकारी मिलने पर आरोपी नितेश बघेल पिता देवकुमार को ग्राम गौरगांव थाना केशकाल से गिरफ्तार किया। पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, वहीं तीसरा आरोपी राघवेन्द्र झा घटना कारित कर घटना के बाद से फरार हैं। तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम सक्रिय है।

---

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की हुई मौत




**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के मुख्य मार्ग में खड़ी वाहन से बाईक चालक टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 एस 0663 का चालक अपने वाहन को मुख्य मार्ग में लापरवाही पूर्वक खड़ा किया था, तभी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 5045 के चालक मृतक 25 वर्षीय चमन लाल कोरेटी टकरा गया, जिससे उसका 1 मई को मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 एस 0663 के चालक के खिलाफ धारा 285, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

## बढ़ती गर्मी व गिरता जल स्तर बना संकट पानी-बिजली की समस्या से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

■ ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से लगाई मदद की गुहार



जिले के चारामा ब्लॉक के ग्राम गिधाली के ग्रामीण इन दिनों गंभीर जल और बिजली संकट से जूझ रहे हैं। बढ़ती गर्मी और लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण गांव में पीने के पानी की व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है। हालात ऐसे है कि इंसानों के साथ-साथ मवेशियों को भी पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। गांव के तालाब और कुएं सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार चारामा विकासखंड के ग्राम गिधाली के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगे बोरवेल भी अब बेकार साबित हो रहे हैं, क्योंकि बिजली की आपूर्ति भी लगातार बाधित हो रही है। बिजली के बार बार बंद होन से बोरवेल से पानी आना बंद हो जाता है। दिनभर में कई-कई घंटे बिजली गुल रहती है, जिससे गांव के अधिकांश हिस्सों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इससे गांव के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की सप्लाई के लिए जो योजना शुरू की गई थी, वह पूरी तरह से फेल हो चुकी है। पाइपलाइन बिछाने के बाद भी गांव तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कुछ स्थानों पर पाइपलाइन टूटी हुई है, तो कहीं मोटर खराब हैं, जिनकी मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं हो रही है।

गांव के लोगों ने कई बार सरपंच, जनपद पंचायत और बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायतें किया हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। महिलाओं को कई किमी. दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द पानी और बिजली की समस्या का समाधान किया जाए।

---

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय दुर्गूकोंदल का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

**दुर्गूकोंदल।** पीएम श्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल के कक्षा 10 वीं की छात्रा शारदा हिड़को पिता रमेश हिड़को 93.17 प्रतिशत, हर्षिता जैन पिता हिरेश जैन 87.5 प्रतिशत, हिन्दी माध्यम के देविका मेरिया पिता रामसाय 86.3 प्रतिशत, अंग्रेजी माध्यम के सागर पटेल पिता भरत भूषण 85.8 प्रतिशत। इसी प्रकार दसवी में 39 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए और कक्षा 12 वी कला समूह में चमेली जैन पिता सगनू राम 84.5 प्रतिशत, पुष्पा नरेटी पिता विरेंद्र सिंह 79.6 प्रतिशत, अंग्रेजी माध्यम विज्ञान समूह में आयुष गायकवाड़ पिता करण सिंह 81.8 प्रतिशत, जागृति ठाकुर पिता बेलसिंह ठाकुर 80.6 प्रतिशत, कक्षा 12 वी में 56 छात्र- छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से पास हुए।

---

## कपड़ा दुकान के मालिक ने कर्मचारी पर लगाया चोरी का आरोप, जब्त किए दस्तावेज

■ युवती ने इकरारनामे पर जबरन हस्ताक्षर करवाने के लगाए आरोप

**कांकेर।** शहर कांकेर के मुख्य मार्ग पर पंचमुखी मंदिर से 100 मीटर की दूरी पर स्थित कपड़ा दुकान के संचालक ने युवती कर्मचारी पर डेढ़ लाख की चोरी का आरोप लगकार महिला कर्मचारी के समस्त दस्तावेज को जप्त कर लिया और कई तरह से मानसिक रूप से परेशान करने लगा। पुलिस ने युवती कर्मचारी की शिकायत पर आरोपी कपड़ा दुकान के संचालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार कपड़ा दुकान में काम करने वाली युवती इच्छापुर निवासी 19 वर्षीय मेघा कांगे पिता शंकर कांगे ने पुलिस को बताया कि कपड़ा दुकान के संचालक बीरचंद्र पारक की दुकान पर विगत एक साल से काम कर रही थी। शुक्रवार 2 मई को कपड़ा दुकान अरिहंत फैंसी स्टोर्स के संचालक बीरचंन्द्र पारक के द्धारा जबरदस्ती डेढ़ लाख रूपए की चोरी का आरोप लगाकर जबरदस्ती प्रताड़ित करते हुए चोरी का आरोप लगाकर स्टाम्प पेपर पर जबरदस्ती इकरारनामा बनाकर हस्ताक्षर कराया गया। मैं जवाहर वार्ड में किराए के मकान में रह रही थी, वहां पहुचकर मेरे समस्त शैक्षिणिक दस्तावेज, बैंक पास बुक, जाति निवास प्रमाण पत्र को एवं मेरे पहनने वाले कपड़ों को जबरदस्ती दुकान संचालक के द्धारा

▶▶| शेष पेज 11 पर




---

**मार्च से चल रही कवायद, हाईकमान की स्वीकृति का इंतजार**

# भाजपा मंडलों की कार्यकारिणी दो माह बाद भी नहीं बन पाई, अभी भी कवायद है जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




भाजपा संगठन में बीते तीन माह से मंडलों की नई कार्यकारिणी नहीं बन सकी। मंडलों के कारण जिलों की कार्यकारिणी भी अटक गई है। मंडलों में कार्यकारिणी बनाने की कवायद लंबे समय से चल रही है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी न बन पाने के कारण जिलों की कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ नहीं हो सकी है। सभी मंडलों की कार्यकारिणी का ऐलान होने के बाद भी जिलों की कार्यकारिणी बनेगी। कांकेर जिले में 16 मंडलों में कई मंडल की कार्यकारिणी को अंतिम रूप देकर हाईकमान को भेजा गया, परंतु हाईकमान से हरी झंडी नहीं मिलने के चलते कार्यकारिणी का ऐलान नही हो पाया है। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव भी हो गया। भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया था। पहले इसकी डेडलाइन 10 मार्च रखी गई, इसके बाद इसको 20 मार्च किया गया, लेकिन पूरा मार्च महीना निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अप्रैल भी पूरा समाप्त होने के बाद इसके लिए मई में समय तय किया गया है। मई में भी दूसरा सप्ताह प्रारंभ हो गया है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी पूरी नहीं हो सकी है।

### पहले मंडल, फिर जिलों का नंबर

जानकारों के मुताबिक कांकेर जिले के मंडलों की कार्यकारिणी हाईकमान को भेजी जा चुकी है, परंतु प्रदेश के अन्य जिलो के मंडल कार्यकारिणी की सूची नहीं मिलने से मामला अटका हुआ है। मंडलों की कार्यकारिणी के इस माह के अंत तक भी बनने को संभावना कम है। ऐसे में जिलों की कार्यकारिणी का भी इस माह बन पाना संभव नहीं लग रहा है। जिलों की कार्यकारिणी के बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी, ऐसे में प्रदेश की कार्यकारिणी भी अटक सकती है।

---

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया आरोपी

कोंडागांव जिले के रहने वाली युवती को आरोपी युवक दो साल से कांकेर में अपने साथ रखकर मारपीट करता था और शांदी का झांसा देते हुए शादी नहीं कर रहा था। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार कोंडागांव जिले की निवासी पीड़िता 9 मई को कांकेर पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 में पीड़ता का जान पहचान आरोपी करम चन्द्र हाल निवासी शांतिनगर जो मूलतः कोंडागांव जिले के विकासखंड विश्रामपुरी के रहने वाला के साथ हुई थी। उसके बाद पीड़ता एवं आरोपी दोनों आपस में बातचीत करने लगे बातचीत के दौरान आरोपी पीड़ती को पसंद करता हूं कहकर ब्यासकोंगेरा के पुलिया के पास ले गया और आरोपी शादी करूंगा वचन देता हूं बोलकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 69, 296,115(2), 351(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लेते हुए उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर थाना प्रभारी मनीष नागर ने टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया। आरोपी को कांकेर के शांतिनगर से घर के बाहर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड जेल भेजा गया।

**खबर संक्षेप**

### प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में मान्य जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र

**सुकमा।** वर्तमान समय में शासकीय कार्यालयों में प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को मान्यता दिया जाता है। इसके लिए आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आम जनता केवल घर में हुई घटना के लिए 21 दिनों के अंदर वेबसाइट में रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकते हैं। यह आईडी एकल जन्म-मृत्यु की घटना के लिए काम करेगा और यदि जुड़वां या एकाधिक मामला हो तो प्रत्येक के लिए अलग अलग आवेदन करना पड़ेगा। रिपोर्ट फॉर्म की सम्पूर्ण जानकारी वांछित दस्तावेज के साथ संलग्न करना होगा। भरे हुए रिपोर्टिंग विवरण के साथ संबंधित रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) के समक्ष उपस्थित होने पर प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। जब घटना 21 दिन से ऊपर की हो तो संबंधित रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) से संपर्क कर पंजीयन कराना होगा। निजी अस्पताल में हुए जन्म-मृत्यु की घटना के पंजीयन हेतु अस्पताल के प्रभारी 21 दिवस के भीतर संबंधित रजिस्ट्रार को सूचित करेंगे। पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात संबंधित अस्पताल से प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

### बीटीएसएसओ बिलासपुर के निदेशक ने किया निरीक्षण



**बस्तर।** बीटीएसएसओ बिलासपुर के निदेशक डॉ. टी. सेल्वाकुमार ने बीएसएमटीसी बस्तर का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने बस्तर के आसपास के क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण किया और कार्यालय में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र के प्रदर्शन में और सुधार के लिए बहुमूल्य सुझाव और सलाह प्रदान की। निदेशक ने केंद्र की उपलब्धियों की सराहना की, विशेष रूप से वर्ष 2024-25 के लिए तसर रेशम कीट डीएफएल की उच्चतम उत्पादन। उन्होंने केंद्र के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया और डॉ. बीटी रेड्डी, वैज्ञानिक-सी और केंद्र प्रभारी, साथ ही कर्मचारियों और श्रमिकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहना की। डॉ. सेल्वाकुमार ने कहा कि वह बस्तर केंद्र की अपनी यात्रा और टीम द्वारा की गई प्रगति से बहुत खुश हैं।

**निधन**

### शकुंतला मिश्रा



**जगदलपुर।** नगर पालिका जगदलपुर के प्रथम अध्यक्ष तथा आजाद हिन्द फौज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्व. दीनानाथ मिश्रा की धर्मपत्नी शकुंतला मिश्रा (95) का आज निधन हो गया। वह महिला बाल विकास अधिकारी तथा सेवानिवृत्ति के बाद नगर कांग्रेस की सेकेट्री रही। वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. संजय मिश्रा की वह माता थी। उनका अंतिम संस्कार रविवार की सुबह 9 बजे मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## लोकनृत्य, गीत और देशी व्यंजन का लोगों ने आंनद लिया

# 25 वर्ष बाद परब मेला उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

ग्राम पंचायत कोलचूर में 25 वर्षों बाद परब मेला पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को यादगार बना दिया। मेले में लोकनृत्य, गीत, और स्थानीय लोगों की देशी व्यंजन टीकूर की भरपूर आंनद लिया।

■ विधायक ने देवी-देवताओं की पूजा कर क्षेत्रवासियों की शांति की कामना की



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल परंपरागत परब मेला में शामिल होकर स्थानीय ग्रामवासियों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार ग्राम देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की और इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्राम पंचायत कोलचूर में आयोजित परब मेले में शामिल होकर स्थानीय जनमानस के साथ परंपराओं और सांस्कृतिक उत्सव का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि परब जैसे पारंपरिक मेलों से हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत जीवंत होती है और सामाजिक एकता को बल मिलता है। मेला के सफल आयोजन हेतु समिति के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनायें। ऐसे आयोजनों से युवाओं में सांस्कृतिक चेतना बढ़ती है और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है।

इस दौरान जनपद सदस्य हेमराज बघेल, हरी कश्यप, बुदरू बघेल, रैमति कश्यप, सोनसिंह, जितेंद्र तिवारी, गणेश कश्यप, भदरू, यादू कश्यप, महेंद्र कश्यप, सामदेव, सूखदास बघेल, मंगलू मौर्य, देवनाथ ठाकुर, सुंदर, प्रेमसिंह ठाकुर, पुरुषोतम पटेल, मंगलराम, मैनु पटेल,चैनु पटेल, हिरामौर्य, जयराम, सुखनाथ पटेल, पाकलू, सुरेंद्र करताम, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, हरदास बघेल एवं कार्यकर्ता, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**बच्चों के नृत्य ने मोहा मन**

इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए शानदार नृत्य ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक बघेल ने सभी प्रतिभागी टीमों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### नशा मुक्ति उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गीदम।** शासकीय आदर्श नवीन महाविद्यालय जावंगा गीदम में प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में नशा मुक्ति उन्मूलन कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य ने उद्बोधन में नशा के नकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया। मुख्य वक्ता के रूप में समाज कल्याण विभाग से प्रतीक मिश्रा, नशा मुक्ति केन्द्र दन्तेवाड़ा ने नशा से होने वाले समाज में दुष्प्रभाव एवं नशा मुक्ति के उपचार के बारे में विस्तार से बताया। महाविद्यालय में नशा मुक्ति पर नारा लेखन, पोस्टर लेखन, निबंध, नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र माहला, नोडल अधिकारी सुरेश यादव, सुशांत ठाकुर, सहायक प्राध्यापक समस्त स्टाफ एवं महाविद्यालय के विद्यार्थीगण शामिल हुए। नशा मुक्ति कार्यक्रम के नारा लेखन में प्रथम निकेश्वरी नाग, द्वितीय हिड़मा मंडावी, तृतीय रीना सेन रही। वही पोस्टर लेखन में प्रथम शान्ति बघेल, द्वितीय सरजू कुमार, तृतीय प्रभुनाथ रहे। निबंध लेखन में प्रथम बलीराम, द्वितीय रीना सेन, तृतीय प्रभुनाथ रहे।

## नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र भेज्जी में लगा समाधान शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित अंदरूनी पंचायत भेज्जी में शुक्रवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु आग्रह किया।

■ शिविर में महिला आयोग की सदस्या ने बांटा आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम शबाब ख़ान ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जनपद सीईओ नारद मांझी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पत्नी और बेटे की हत्या के आरोप में जेल में बंद अमिताभ ने माता को दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के महारानी वार्ड निवासी मंजू राय (70) का आज सुबह महारानी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह तीन दिन से अस्पताल में भर्ती थी।

■ जेल से हथकड़ी में लाया गया मुक्तिधाम

दोपहर में शव को निवास लाया गया। कुछ माह पहले अपनी पत्नी और बेटे की हत्या के आरोप में केंद्रीय जेल में बंद अमिताभ राय की वह माता थी। निवास में वह अकेले रहती थी। परिजनों ने जेल प्रशासन को घटना की जानकारी दी। दोपहर बाद हथकड़ी के साथ जेल से अमिताभ को मुक्तिधाम ले जाया गया। मां के शव को देखकर वह रोने लगा और मुखाग्नि दी। शव लेकर मुक्तिधाम पहुंचे परिजन दीपक चक्रवर्ती ने बताया कि पति का देहांत काफी पहले हो चुका था। दो बेटे में छोटा पुत्र बीमारी से खत्म हुआ था। बड़ा पुत्र के जेल में रहने से वह काफी परेशान रहती थी। आज वह भी चल बसी। अब उनके परिवार में केवल जेल में कैद अमिताभ ही रह गया है। मुखाग्नि के बाद उसे जेल ले जाया गया।



### अपर कलेक्टर ने किसानों के प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम को दिखाई हरी झंडी

**बीजापुर।** अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक से 25 किसानों के लिए काली हल्दी और काली अदरक की खेती पर प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश के नीमच में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के समर्थन से इस कार्यक्रम को मे. मानवोद्धार फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसमें प्रशिक्षण भागीदार मे. मातीतत्व एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड शामिल है। इस भ्रमण का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी, बाजार की जानकारी और व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराना है, ताकि वे काली हल्दी और काली अदरक जैसे उच्च मूल्य वाली फसलों के माध्यम से अपनी आजीविका को बेहतर बना सकें।

## विधायक ने परचेली स्टेडियम में नवनिर्मित जिम व लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जनपद पंचायत कटेकल्याण के परचेली स्टेडियम में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कटेकल्याण, परचेली, नड़ेनार, चिकपाल, मारजुम, बेंगलुर और मथाड़ी के ग्रामीण जन शामिल हुये।

■ शिविर में 1213 आवेदनों का हुआ निराकरण

शिविर में उपस्थित हुए क्षेत्र विधायक चैतराम अटामी ने यहां ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं में शत प्रतिशत भागीदारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य यह है कि शासन की योजनाएं अंतिम छोर के व्यक्ति पहुंचे। इसके लिए विभागों के यह दायित्व है कि वे हर पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करे। इसके साथ ही उन्होंने शिविर में 10वीं, एवं 12वीं में जिले एवं ब्लॉक स्तर पर टॉप किये छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उक्त समाधान शिविर में 22 विभागों से कुल 1229 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 1215 मांग व 14 शिकायत थे, जिसमें 1213 आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया। इसके अलावा विधायक द्वारा परचेली स्टेडियम में नवनिर्मित जिम व लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया गया। जनपद अध्यक्ष कटेकल्याण हिड़मा कवासी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण भीमसेन मंडावी, जनपद सदस्य, सरपंच, एवं पंच सहित डिप्टी कलेक्टर मूलचंद चोपड़ा, जनपद पंचायत सीईओ आशीष डे, तहसीलदार आशा मौर्य एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे।






## डेनेक्स फैक्ट्री का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के बारसूर नगर पंचायत अंतर्गत पूर्व में क्षतिग्रस्त हुए डेनेक्स फैक्ट्री का पूर्ण मरम्मत कर पुनः शुभारंभ कर दिया गया है।

■ विधायक एवं कलेक्टर ने महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति बढ़ाया हौसला

इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं को लगन और मेहनत से अपने कार्य को अंजाम देने का हौसला देते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज के समक्ष मिसाल कायम करें। कलेक्टर ने इस दौरान महिलाओं से रूबरू होते हुए कहा कि जिला प्रशासन डेनेक्स फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं के हितों के संबंध में हर संभव प्रयास करेगा। साथ ही यहां निर्मित परिधानों की मार्केटिंग के संबंध में नये कार्ययोजना तैयार करने संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने यहां अतिरिक्त बस की आवश्यकता को देखते हुए एक बस उपलब्ध कराने पर भी सहमति दी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में इस फैक्ट्री में पुरुष परिधानों ही बनाये जा रहा है तथा 100 महिलाएं यहां कार्यरत है।

## मेरिट में 9 वां स्थान प्राप्त छात्रा को विधायक ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं एवं 12वीं के परिणाम की घोषणा की गयी। जिसमे छू लो आसमान कन्या आवासीय विद्यालय कारली की छात्रा रमशिला नाग ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने छू लो आसमान कन्या आवासीय विद्यालय कारली पहुंचकर छात्रा रमशीला नाग से मुलाकात कर बधाई दी एवं उत्साहवर्धन किया। विधायक चैतराम अटामी ने कहा यह हमारे दंतेवाड़ा जिले के लिए गौरव का विषय है। यह आपकी कड़ी मेहनत और परिश्रम का ही परिणाम हैं, आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके माता पिता एवं समस्त शिक्षकगण को भी हार्दिक बधाई।



## शासकीय कन्या शिक्षा परिसर का परीक्षा परिणाम रहा शतप्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/घाटलोहंगा

बस्तर ब्लॉक के कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में माध्यमिक शिक्षा मंडल, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत सफलता दर हासिल की है। छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है।

कक्षा 10वीं की टॉप छात्राओं में प्रथम स्थान करिश्मा मरापी 90 प्रतिशत, द्वितीय स्थान देवीका तारम 85.17 प्रतिशत, तृतीय स्थान रेशमा मरकाम 83.83 प्रतिशत है। कक्षा 12वीं की टॉप छात्राओं में प्रथम स्थान संतोषी मंडावी 79.40 प्रतिशत, द्वितीय स्थान करुणा बघेल एवं बालमती सूर्यवंशी 78.20 प्रतिशत, तृतीय स्थान गुड़िया कश्यप एवं नोरिमा तेता 77.80 प्रतिशत है। विद्यालय की छात्राओं ने पूरे वर्ष अनुशासन, लगन एवं कड़ी मेहनत से अध्ययन किया और शिक्षकों के निर्देशों का निष्ठापूर्वक पालन किया। परिणाम स्वरूप सभी छात्राएं सफल रहीं।

विद्यालय के प्राचार्य एआर नोन्हारे एवं समस्त शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की।

## तेंदूपत्ता बोरों को खुला रखने से नमी, सूखने पर दी समझाइश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग बस्तर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा का तोंगपाल वन परिक्षेत्र का प्रवास किया। इसमें सबसे पहले स्थाई तेंदूपत्ता गोदाम तोंगपाल का निरीक्षण किए एवं गोदामीकरण की महत्वपूर्ण सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। उसके बाद सीसीएफ ने वन परिक्षेत्र कार्यालय तोंगपाल का औचक निरीक्षण किए, आवश्यक फाइल एवं रिकॉर्ड को सिस्टमेटिक ढंग से रख-रखाव संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद तोंगपाल समिति अ के फड़ में सुबह बोरा भर्ती हुए बोरों का मुंह खोल कर रखने नमी, सूखने के बाद बोरों का सिलाई कर अस्थाई गोदाम तक परिवहन करने की समझाईश दी। पुशपाल समिति, गुम्मा समिति, उड़ीसा बॉर्डर छिंदगढ़ समिति का भ्रमण किया।

**लाख पालन करें : सीसीएफ**

सीसीएफ आरसी दुग्गा ने प्रवास के दौरान ग्राम बालेरास के ग्रामीणों से कुसुम वृक्षों में लाख पालन कर कम मेहनत करके लखपति कैसे बनना है इस संबंध में भी विस्तार से चर्चा कर समझाईश दी। वन कर्मियों को लाख पालन को बढ़ावा दिए जाने संबंधी निर्देशित किया तथा दिए गए निर्देशों का पालन कड़ाई से करने को कहा गया।

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर वर्णिका शर्मा द्वारा बीजापुर जिले में बाल अधिकारों के संबंध में जानकारी देने तथा बाल संरक्षण तंत्र के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के सम्बंध में विभागीय बैठक हेतु एक दिवसीय भ्रमण किया गया।

■ बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अमलो के साथ की बैठक




इस दौरान बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बाल संरक्षण तंत्र इकाई, विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग के विभागीय अमलो के साथ बैठक कर बच्चों के सर्वोत्तम हित को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान जिले में व्यापक रूप से बाल श्रम की रोकथाम हेतु अभियान चलाने एवं उसे पर तत्परता दिखाने के निर्देश दिए गए प्रत्येक माह अभियान चलाया जाना है ताकि छत्तीसगढ़ को बाल श्रम मुक्त की ओर ले जाया जा सके अभियान में श्रम विभाग महिला बाल विकास विभाग पुलिस विभाग संयुक्त रूप से टीम बनाकर कार्य करें ताकि बाल श्रम की रोकथाम किया जा सके बाल श्रम रोकथाम के लिए श्रम विभाग को कलेक्ट्रेट में एकल खिड़की व्यवस्था लागू करने की सुझाव दिया गया, ताकि बाल श्रमिक के परिवारों को तत्काल रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा सके। डॉक्टर वर्णिका शर्मा द्वारा यह अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने के लिए संकल्प लिया गया है इसके लिए हम सभी को मिलकर समन्वित प्रयास किया जाना है जिले पर विशेष ध्यान दिया जाना है और अधिक से अधिक जागरूकता प्रशिक्षण क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन करके किशोर किशोरियों को स्कूल, पोटाकेबिन, आश्रम के माध्यम से जागरूक किया जाना है की बाल विवाह जैसी स्थिति कही पर भी न हो। स्कूल, आश्रम, हॉस्टल में बच्चों के लिए जो सुविधाएं मुहैया किया जाना है वह उच्च स्तर का हो इसके लिए आप सभी को विशेष निगरानी व पर्यवेक्षण किया जाना है।

## कवि रवींद्रनाथ ठाकुर जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिल्पी सांस्कृतिक संस्था द्वारा कवि रवींद्र नाथ ठाकुर की 164वीं जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ प्रातः 6:30 बजे से भाभा आईटीआई के छोटे से उद्यान में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महारानी वार्ड के पार्षद पीतांबर नायक एवं संस्था के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बांग्ला तिथि अनुसार 25 से वैशाख कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर के जन्मदिन को याद करते हुए समूह गीत से संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अगले चरण में संस्था के अध्यक्ष सुबीर नंदी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। अतिथि एवं नगर के प्रबुद्ध जनों का हृदय से शिल्पी परिवार की ओर से स्वागत किया गया एवं शिल्पी द्वारा यह प्रकृति के बीच बैठकर रविंद्र नाथ की कल्पना शांतिनिकेतन के तर्ज में यह कार्यक्रम की रचना की गई है। कोयल के मधुर आवाज प्रातः चलने वाले यह निर्मल हवा का आनंद उठाते हुए सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम के अगले क्रम में एकल गीत, समूह गीत, कविता पाठ, बच्चों द्वारा नृत्य, रविंद्र नाथ की जीवनी के बारे में जानकारी एवं अंत में रविंद्र नाथ के कविता दो बीघा जमीन का नाट्य रूपांतरण करके सुबीर नदी के निर्देशन में 2 बीघा जमीन नाटक खेला गया। मुख्य अतिथि द्वारा शिल्पी संस्था के निरंतर कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं भविष्य में पार्षद होने के नाते अपने वार्ड में शिल्पी के किसी भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देने की बात कही। आज के कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकार थे, निवेदिता राय चौधरी, प्रतिमा राय चौधरी, गीता विश्वास, श्वेता विश्वास, संगीता शील, शेफाली सरकार, कुमारी प्राथमिकी देवनाथ, तृषा गाइन, तनिष्का चक्रवर्ती, सुधीर मंडल हरि माधव दास जतिन राय चौधरी अशोक रंजन मुखर्जी, विश्वजीत भट्टाचार्य। संगीत एवं व्यवस्था में संजीव शील,असीम गाइन, जय गोपाल सरकार, मृणाल मल्लिक अपना अपना दायित्व निष्ठा पूर्वक निभाया।



## खबर संक्षेप



### समाधान शिविर में लाभान्वित हुए काटागांव के हितग्राही

**कोण्डागांव।** समाधान शिविर के दौरान कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा कि गांव–गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही असली सुशासन है। दरअसल वो माकड़ी विकासखंड के ग्राम काटागांव में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं थी।

### कलेक्टर ने किया स्कूल भवन व विद्युत सब स्टेशन निर्माण स्थल का निरीक्षण

**कोण्डागांव।** जिले की कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज माकड़ी विकासखंड के ग्राम रांधना में प्रस्तावित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण हेतु चयनित स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं की जानकारी लेते हुए ग्रामवासियों से सीधी चर्चा कर समाधान के निर्देश दिए। ग्रामवासियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने भवन के ले–आउट में आवश्यक संशोधन कर निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। इसी क्रम में कलेक्टर ने ग्राम कोटवेल में प्रस्तावित 132,33 केवी विद्युत सब स्टेशन के लिए भूमि चिन्हांकन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत विभाग को आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। एसडीएम अजय उरांव जिला शिक्षा अधिकारी लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बाल आयोग की अध्यक्ष ने किया सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा प्रथम बस्तर प्रवास पर आई। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकरियों की बैठक ली एवं बाल देखरेख संस्था बालक सम्प्रेषण गृह एवं बालक गृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संस्था में निवासरत बच्चों से उनकी रुचि एवं संस्था से मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जाना। आयोग के अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को संस्था में किसी प्रकार की असुविधा न हो बच्चों की सभी आवश्यकता को तत्काल पूरा किया जाना चाहिए। संस्था की व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त कर और बेहतर तरीके से इनोवेशन और एमोशन आधारित पद्धति से कार्य करने की बात कही।

## पेज 9 के शेष

### कांकेर बायपास में...

गया। यातायात की पेट्रोलिंग वाहन से हाईवा चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर यातायात टीम नहीं पहुँचती, तो हाईवा में फंसे चालक के साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी।

### कपड़ा दुकान के...

जप्त किया गया है। प्रार्थिया के लिखित शिकायत आवेदन पर से आरोपी वीरचंद्र पारक के विरूद्ध अपराध धारा 332 (सी),127(2),79 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

# सुशासन तिहार के तहत केशकाल में लगा समाधान शिविर, हितग्राहियों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केशकाल में 9 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें पहले चरण के अंतर्गत 8 से 11 अप्रैल के बीच प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग तथा अध्यक्षता के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। शिविर के दौरान

## हितग्राहियों को मिला आयुष्मान कार्ड, बीज, जॉब कार्ड और पोषण टोकरी



### ये रहे उपस्थित

शिविर में जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, जनपद अध्यक्ष नंदनी पोटाई, जनपद सदस्य नमिता जैन, केशकाल एसडीएम अंकित चौहान, कोंडागांव जिला पंचायत के सीईओ अनुराग भोई, केशकाल जनपद पंचायत के सीईओ अनुराग सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिकगण उपस्थित रहे। यह शिविर न केवल शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जनसंपर्क की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ वितरण किया गया। जिसमें मछली पालन करने वाले दो हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपये की मछली जाल प्रदान की गई। इसके अलावा 10 किसानों को किसान किताब, 10 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्ड, 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकरी, 18 लोगों को जॉब कार्ड, 22 किसानों को सब्जी बीज, 9 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड तथा 5 किसानों को धान बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम की सराहना करते हुए सरकार की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### न्याय के साथ पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल, न्याय वृक्ष भेंट कर किया सम्मान

# कोण्डागांव में लोक अदालत ने रचा इतिहास एक दिन में 13,792 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर, कोण्डागांव में आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायपालिका ने ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। एक ही दिन में कुल 13,792 प्रकरणों का निराकरण कर न्याय व्यवस्था की पारदर्शिता, त्वरितता और प्रभावशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सुश्री किरण चतुर्वेदी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायालयों को निर्देशित किया गया कि वे राजीनामा योग्य मामलों के त्वरित और पारस्परिक समाधान को प्राथमिकता दें। लोक अदालत में गठित खण्डपीठों ने अनेक महत्वपूर्ण प्रकरणों का समाधान किया। बैंक रिकवरी के 935 प्रकरणों में 72,18,557, बिजली बिल से जुड़े 1759 मामलों में 9,26,963, मोटर दुर्घटना के 3 प्रकरणों में 14,80,000, चेक बाउंस के 14 मामलों में 24,15,900, अन्य सिविल मामलों में 47,62,398, ट्रैफिक चालान के 1655 मामलों में 2,10,700, राजस्व प्रकरणों की संख्या 7831 रही, नगर पालिका से संबंधित 1065 मामलों में 7,32,350, दूरसंचार के 285 प्रकरणों में 18,546 तथा अन्य 219 मामलों में 22,400 का निराकरण किया गया। कुल मिलाकर लोक अदालत के माध्यम से 1,77,87,814 की राशि का अवार्ड पारित किया गया। इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे सभी खण्डपीठों के न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिषद सदस्यों का समर्पण और सहयोग सराहनीय रहा। कोण्डागांव की लोक अदालत ने यह सिद्ध कर दिया कि न्याय केवल विवादों का समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का दायित्व भी है।



### एक अभिनव प्रयास

कार्यक्रम की एक विशेष पहल के रूप में, न्याय प्राप्त पक्षकारों को पीठासीन न्यायाधीशों द्वारा न्याय वृक्ष के रूप में काजू, आंवला, जामुन जैसे पौधे भेंट किए गए। यह पहल न्याय के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभिनव प्रयास रहा।

### स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन

इस अवसर पर जिला अस्पताल कोण्डागांव द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दूरदराज से आए पक्षकारों की बीपी व शुगर जांच की गई, वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा कोण्डागांव शाखा द्वारा शिविर के लिए टेंट व स्टॉल की व्यवस्था की गई।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाई महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ युवाओं को मिला राष्ट्रनायक के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके उपरांत महाराणा प्रताप अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर परिषद के जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे नायक हैं, जिनकी वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर साहस, आत्मसम्मान और देशभक्ति की भावना को अपनाएं। कार्यक्रम में परिषद के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य रतिराम शोरी तथा सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अनेक युवक–युवतियां उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और आत्मबल की भावना को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

# बाघ का जंगल सफारी में इलाज जारी बाघ के जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बीजापुर जिले के इंद्रावती टाइगर रिजर्व से भेजे गए घायल बाघ का जंगल सफारी में इलाज जारी है। घायल बाघ का उपचार कर रहे डाक्टरों के अनुसार इलाज के बाद घायल बाघ की हालत में सुधार दिखाई दे रहा है और उसके जल्द ही सामान्य स्थिति में आने की उम्मीद है।

■ बाघ की सतत निगरानी कर रहे वन्य प्राणियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम

बाघ की इलाज कर रहे डाक्टरों के अनुसार बाघ के पिछले दोनों पैर में घाव के चलते कीड़े लग गए थे, जिसे साफ कर कई टांके लगाए गए है। सफारी में मौजूद वन्य प्राणियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम बाघ की सतत निगरानी कर रहे हैं और उनके जल्द ही स्वस्थ होने की उम्मीद कर रहे हैं। घायल बाघ का इलाज विशेषज्ञ डाक्टरों की निगरानी में किया जा रहा है, बहुत जल्दी उसके हालत में सुधार की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि बीजापुर में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के बफर जोन के ग्राम कांदुलनार, मोरमेड़ और तोयनार गांवों के बीच घने जंगल में ग्रामीणों द्वारा एक घायल बाघ देखे जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने बाघ को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया एवं घायल बाघ का बीजापुर में प्राथमिक उपचार के बाद जख्म की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जंगल सफारी रायपुर रिफर किया था। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि घायल बाघ का जंगल सफारी में डॉक्टरों की टीम इलाज कर रही है।

### शीघ्र वापसी होने की संभावना

इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) और क्षेत्रीय निदेशक एस. मंडावी ने बताया कि रिजर्व से घायल बाघ सफारी भेजा गया है, जहां वन्य प्राणियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम इलाज कर रही है। इससे लगभग एक महीने बाद उस बाघ के रिजर्व में वापसी होने की संभावना है।



### स्काउटस एवं गाइड्स से जुड़ना गर्व की बात : पाण्डेय

**जगदलपुर।** भारत स्काउटस एवं गाइड्स से जुड़ना गर्व की बात है। इससे सम्मान तो होता ही है साथ ही स्वयं की जिम्मेदारी का भी एहसास होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व का विकास होता है। सेवा के काम में निपुण बनते हैं। प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है। यह बातें आयुक्त स्काउटस एवं गाइड्स व नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे ने कहीं। कार्यक्रम में उन छात्राओं व शिक्षकों का सम्मान किया गया जिन्होंने एक महीने तक प्याऊ घर में अपनी सेवाएं दी थी। मालूम हो की जगदलपुर के चिन्हित स्थानों पर व ग्रामीण इलाकों में प्याऊ घर का उद्घाटन भारत स्काउटस एवं गाइड्स द्वारा किया गया था। जिसका संचालन शिक्षकों के साथ साथ बच्चों ने भी किया था। उन बच्चों को आज प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, खगेंद्र ठाकुर, गायत्री बघेल, आशा साहू, प्रकाश झा, वीरेंद्र जोशी, विवेक जैन, डीएमसी अखिलेश मिश्रा, राकेश खापर्डे आदि उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

प्रथम पुण्यतिथि

जन्म 28/01/1955

निर्वाण 11/05/2024



स्व. श्री वीरेन्द्र भगत
सौम्यता उनकी सुगंध थी, आनंद उनका जीवन था,
सत्कर्म उनकी शोभा और परोपकार उनका कर्तव्य था।
मीठी मधुर स्मृतियां आपकी कभी नही मिट पायेंगी।
आपका व्यवहार आपकी बातें, सदैव हमें याद आयेंगी।।
:: श्रद्धानवत परिवार ::
श्रीमती कल्पना भगत (पत्नि)
अमित भगत (पुत्र), आदित्य भगत (पुत्र)
एवं समस्त भगत परिवार, कांकेर

## खबर संक्षेप

### विवि सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन 15 तक

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने जनवरी से जून सत्र के विभिन्न सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि 15 मई तक बढ़ा दी है। फॉर्म भरने से बचे स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के रेगुलर, प्राईवेट, भूतपूर्व और एटीकेटी स्टूडेंट्स परीक्षा फार्म आनलाईन कर सकते हैं। ऑनलाइन के बाद आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में 17 मई तक जमा किए जा सकेंगे। सभी स्टूडेंट्स से निर्धारित तारीख में फॉर्म ऑनलाइन कर लेने की अपील की गई है। किसी भी प्रकार के दिक्कत होने पर परीक्षा विभाग के हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है।

### 4 प्रकरणों में हुआ राजीनामा

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में शनिवार को 4 प्रकरणों में आपसी सहमति से राजीनामा करवाकर 22 लाख रुपए की राशि पक्षकारों को प्रदान की गई। अदालत में जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और आलोक कुमार दुबे खंडपीठ के सदस्य रहे।

### पुराने पुल में हुआ धमाका बारूदी विस्फोट से लोग सहमे

**जगदलपुर।** शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे नगर निगम की सीमा पर स्थित पुराने पुल में धमाके और विस्फोट से लोग सहम गए। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध के बीच एकाएक शहर में धमाके ने लोगो को डरा दिया। विस्फोट की आवाज से दुपहिया वाहन चालकों,साइकिल सवार के पहिये थम गए। वही राहगीर भी चलते-चलते रुक गए। भारी संख्या में लोग पुराने पुल की वस्तुस्थिति को जानने दौड़ लगाई। दरअसल पुराने पुल में उच्च स्तरीय फ्लाईओवर पुल का निर्माण किया जा रहा है। पिलर निर्माण के दौरान जमीन के भीतर 3 मीटर का विशाल पत्थर रोड़ा बना था,जिसे लोक निर्माण विभाग के सेतु द्वारा निर्माण किया जा रहा है। लंबे समय से एक पिलर निर्माण में रोड़ा बने विशाल चट्टान को आज ब्लास्ट किया गया। ब्लास्ट करने के पहले आसना से जगदलपुर आने वाले दुपहिया वाहन चालकों,साइकिल सवार और राहगीरो को पुराने पुल के उत्तर दिशा में 100 मीटर दूर बेरिकेटिंग कर रोका गया। इसी तरह पुल के दक्षिण दिशा में जगदलपुर से आसना की ओर जाने वाले लोगों को 100 मीटर दूर खड़कघाट हनुमान मंदिर के पास बेरिकेटिंग कर ब्लास्ट करने के आधा घण्टे पहले रोका गया।

### नेशनल लोक अदालत में सुलह से 1432 प्रकरणों का समाधान, 2 करोड़ से अधिक का राजीनामा

**जगदलपुर।** नेशनल लोक अदालत की शुरूआत शनिवार को विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश गोविन्द नारायण जांगड़े द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अदालत में पक्षकारों के मध्य सुलह द्वारा विवादों के समाधान हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीश की 12 खण्डपीठ, परिवार न्यायालय की एक खण्डपीठ एवं जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत की एक खण्डपीठ सहित 14 खण्डपीठों तथा बस्तर जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों के 20 खण्डपीठों का गठन किया गया। गठित समस्त 34 खण्डपीठों में प्रकरणों के निराकरण हेतु सुलहकर्ता सदस्यों के रूप में पेनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। अदालत में रखे गए लंबित 1720 प्रकरणों में से 16 आपराधिक प्रकरण, 12 व्यवहार वाद प्रकरण, 07 दावा प्रकरण, 09 पारिवारिक प्रकरण, 38 धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, 19 श्रम संबंधी प्रकरण, 531 स्पेशल सिटिंग के अन्तर्गत प्रकरण, 799 ट्रैफिक चालान के प्रकरण, एक जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत के प्रकरण इस प्रकार 1432 निराकृत लंबित प्रकरणों में 2 करोड़ 08 लाख 74 हजार 921 रुपए में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया।

# धुरवा समाज के स्थापना दिवस पर 44 युगलों का कराया गया विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धुरवा समाज के स्थापना दिवस में 44 जोड़े का सामूहिक विवाह तोंगपाल में सम्पन्न किया गया। जिसमें बस्तर जिला के 23, सुकमा से 14 व दन्तेवाड़ा से 7 कुल 44 जोड़ें सम्मिलित हुए। उड़ीसा प्रांत के समाज प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में संभाग के सभी जिलों के समाज प्रमुख व सैकड़ों लोग शामिल हुए।

समाज प्रमुख व हर क्षेत्र से पहुंचे प्रतिनिधियों के बीच सामाजिक नीति, नियम, समाज में बाल कुरीतियों एवं एकरुपता पर विशेष चर्चा हुई। सांयकालीन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाच गाने का कार्यक्रम हुआ। स्थापना दिवस के दूसरे दिवस बस्तर, सुकमा, व दन्तेवाड़ा से पहुंचे नव युवा, युवतियों का सामूहिक विवाह धुरवा संस्कृति, परम्परा के अनुसार किया गया। जिसमें युवा व युवतियां धुरवा वेशभूषा में उल्लास के साथ नाचते गाते रहे। समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले प्रतिनिधि व वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ठ अंकों से उत्तीर्ण छात्र व छात्राओं का समाज की ओर से सम्मान किया गया। जिसमे 12 वीं कक्षा से कु. सुकरी बबल, टंगिया जोड़ी प्रथम श्रेणी 67 प्रतिशत (विज्ञान), त्रिवेणी नाग ग्राम तोगपाल 70 प्रतिशत विज्ञान, कक्षा दसवीं से गितिका नाग बस्तर 60 प्रतिशत प्राप्त किया है।

## सामाजिक नीति, नियम और कुरीतियों एवं एकरुपता पर की गई चर्चा




### इन्हें किया गया सम्मानित

समाज में बेहतर कार्य करने वाले को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इनमे संतोष बघेल, अध्यक्ष जिला बस्तर, बालचंद नाग कोषाध्यक्ष जिला सुकमा, पालमती नाग सदस्य धुरवा समाज जिला दंतेवाड़ा, मदन नाग सुकमा जिला सदस्य स्थापना दिवस में उपस्थित समाज प्रमुख,पप्पूराम नाग. अध्यक्ष संभागीय धुरवा समाज, डॉ. गेवाराम कश्यप धुर महासचिव संभागीय धुरवा समाज, रामदेव नाग अध्यक्ष - सुकमा जिला,जयराम कश्यप - अध्यक्ष दंतेवाड़ा जिला, नीलम सिंह कश्यप संरक्षक संभागीय, सोनसारी, संभागीय कोषाध्यक्ष महादेव नाग पूर्व जिला अध्यक्ष बस्तर जिला,कल्पना नाग संभागीय उपाध्यक्ष, मावलीगुड़ा बस्तर जिला को सम्मानित किया गया।

## किसानों को भारी नुकसान, प्रशासन की निष्क्रियता पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

# भस्कली नदी में रेत का अवैध खनन भारी वाहनों से सड़कें हो रही जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड





विकासखंड बकावंड के ग्राम बनियागांव के पास भस्कली नदी से रेत का अवैध खनन और परिवहन हो रहा है। रेत खनन के लिए जेसीबी और परिवहन के लिए डंपर, ट्रकों व ट्रेक्टरों का उपयोग हो रहा है। रेत माफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध खनन के चलते भस्कली नदी सूख चुकी है। वहीं जलधारा की दिशा बदल जाने से किसानों के खेतों का तेजी से कटाव हो रहा है। कई किसानों की जमीन आधी से भी कम हो चुकी है। जिससे किसानों में आक्रोश है।

भस्कली नदी बकावंड विकासखंड के बनियागांव से होकर गुजरती है और दर्जनों ग्राम पंचायतों की हजारों एकड़ कृषि रकबे को सींचती है। भस्कली नदी उड़ीसा से प्रवाहित होकर इंद्रावती में मिलने से पहले करीब 100 किमी के फासले में स्थित पचासों गांवों के खेतों को सिंचित करती है। भस्कली नदी के सहारे ही इन गांवों के किसान विभिन्न फसल लेते हैं। धान, मक्का, उड़द, आदि की खेती करते हैं, लेकिन रेत माफियाओं ने किसानों और ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचाया है। नदी के सूखने से खेतों की पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पा रही है। भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, कुंए, हैंडपंप, ट्यूबवेल जवाब देने लगे हैं। किसानों और ग्रामीणों ने शिकायत तहसीलदार से की है, लेकिन रेत तस्करों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेत माफियाओं को अधिकारियों का खुला संरक्षण मिल रहा हैं।

### सड़कों के जर्जर होने से लोग परेशान

ग्राम पंचायत बनियागांव और अन्य 8- 10 गांव से होकर रेत भरे भारी ट्रक एवं ट्रेक्टर चलने के कारण इन गांवों की सड़कों का हाल बेहाल है। सड़कें धंस चुकी हैं, सड़कों पर असंख्य गड्ढे हो गए हैं। पैदल चलने और दोपहिया वाहन चलाने में बड़ी परेशानी हो रही है। धूल मिट्टी भी ग्रामवासियों को अलग परेशान किए हुए है। सबसे हैरत की बात तो यह है कि आज जांच के लिए पहुंचे अधिकारियों को रेत का परिवहन करते एक भी वाहन नहीं मिला, न ही उन्हें नदी में रेत का अवैध खनन करती जेसीबी दिखी।

### सीमा को लेकर संदेह

आज मैंने तहसीलदार जागेश्वरी गावड़े और आरआई प्रेमचंद झा के साथ बनियागांव जाकर मौका मुआयना किया। एक भी ट्रक, ट्रेक्टर रेत का परिवहन करते नहीं मिला। नदी के बीचों बीच एक पोकलेन मशीन जरूर खड़ी थी, लेकिन सीमा को लेकर संदेह के चलते पंचनामा व जप्ती की कार्रवाई नहीं की जा सकी। भस्कली नदी ओड़िशा और बस्तर की सीमा रेखा पर है, इसलिए यह कंफ्यूजन की स्थिति बनी है। इसकी जांच करा रहे हैं। अगर बस्तर की सीमा के अंदर अवैध खनन हो रहा होगा तो जरूर कार्रवाई की जाएगी। **-ऋषिकेश तिवारी,** एसडीएम, बकावंड

# सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन से सीआरपीएफ की वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारत पाकिस्तान युद्ध को देखते हुए बस्तर में तैनात सीआरपीएफ के हजारों जवानों को वापस बुलाने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं नक्सलियों के खिलाफ पिछले 18 दिन से चलाए जा रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में अब तक 26 नक्सलियों को मार गिराया गया है। वहीं नक्सलियों की ओर से भी एक पत्र जारी हुआ है, जिसमें 6 माह के युद्ध विराम की घोषणा की गई है।

■ पाकिस्तान के साथ युद्ध के चलते पैरामिलिट्री फोर्स बेकअप के लिए रवाना

गोरतलब है कि बीजापुर-तेलगांना की सरहदी इलाके करेंगुट्टा की पहाड़ी में पिछले 18 दिन से चलाए जा रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन संकल्प अभियान में शामिल पैरामिलिट्री फोर्स को वापस बुलाने की कवायद शुरू हो गई है। जवानों को मुख्यालय में रिपोर्ट करने आदेश जारी किए जाने की खबर है। हालांकि इस खबर की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बताया जा रहा है कि संकल्प अभियान को अस्थायी रूप से रोक लगा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक अभी करेंगुट्टा की पहाड़ी पर डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फायटर व बस्तर बटालियन के जवान तैनात है और लगातार अभियान को जारी रखे हुए है।

### नक्सलियों की तरफ से पर्चा जारी

इस बीच नक्सलियों की आरे से दो अलग पर्चा कोण्टा एरिया कमेटी व तेलगांना राज्य कमेटी की ओर से जारी किया गया है। तेलगांना स्टेट कमेटी की ओर से जारी पर्चे में छह माह के युद्ध विराम की घोषणा की गई है। वहीं कोण्टा एरिया कमेटी की ओर से जारी पर्चे में आगामी 12 मई को होने वाले बस्तर जागरण अभियान की ओर से दोरनापाल में होने वाली जागरण रैली का विरोध किया गया है।

# ग्रीष्मकाल में गुलमोहर की छटा से महक उठा दुर्गूकोंदल का प्राकृतिक परिदृश्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

■ लाल-नारंगी फूलों की बहार ने बढ़ाई सुंदरता, छायादार वृक्ष के औषधीय गुण भी आए सामने

विकासखंड दुर्गुकोंदल सहित विभिन्न अंदरूनी क्षेत्रों में प्रकृति के सुंदरता पर आधारित मनमोहन ग्रीष्मकालीन गुलमोहर का फूल लोगों को आनंदित करता है। गुलमोहर के पेड़ में फूलों की वजह से देखने में बहुत खूबसूरत लगते हैं। भारत में सबसे ज्यादा उगाए जाने वाले सबसे पुराने पेड़ों में से एक गुलमोहर है। यह एक सजावटी वृक्ष है जो अपने सुंदर और आकर्षक फूलों के लिए जाना जाता है।

गुलमोहर का फूल वास्तव में ग्रीष्मकाल में अपनी मनमोहक सुंदरता के लिए जाना जाता है। इसके चमकीले नारंगी और लाल रंग के फूल वातावरण को एक नया आयाम देते हैं और गुलमोहर की विशेषता यह है कि गुलमोहर के फूल अपनी सुंदरता और आकर्षक रंगों के लिए जाने जाते हैं। ग्रीष्मकाल में गुलमोहर के पेड़ पर फूल आने से वातावरण में एक नया रंग और सौंदर्य आ जाता है। गुलमोहर के फूल को अक्सर प्रेम, सुंदरता और जीवन की तरंगों के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। गुलमोहर के फूलों को देखकर मन प्रसन्न हो जाता है और वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। एक छायादार वृक्ष है जो हवा को शुद्ध करता है और प्रदूषण को कम करने में मदद करता है। गुलमोहर का उपयोग सड़कों के किनारे, पार्कों में, और घरों के आसपास सजावट के लिए किया जाता है। गुलमोहर के फूल तप्ती धूप अप्रैल और मई के महीने में ही खिलते हैं और नवंबर का महीना आते आते इसकी पत्तियों में पीलापन आ जाता है। इस फूल की पत्तियों, फल का इस्तेमाल आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में किया जाता है, इसलिए इसे आयुर्वेद पेड़ भी कहा जाता है।



# 10वीं व 12वीं उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का किया सम्मान, भेंट की कलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम सोनादई के उच्च विद्यालय दसवीं व बारहवीं कक्षा के छात्र छात्राओं के लिए बधाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, तिलक लगाकर व कलम भेंट कर परीक्षा की अग्रिम शुभकामनाएं दी और उज्वल भविष्य की कामना किया।

समारोह में सभापति जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल विकास राजु नायक ने कहा कि छोटा सा गाँव सोनादई लगातार कक्षा 10वीं एवं प्राथमिक शाला में नवोदय एवं एकलव्य में चयन हो रहें है, जिससे हमारे गाँव का नाम रोशन हो रहा है, जिसके लिए समस्त ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें देता हुँ। मुझे हमेशा से पता था कि आप यह कर सकते हैं और मुझे आप पर बहुत गर्व है। कक्षा 10वीं मे प्रियांशी दीवान 10वीं 93.33 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, भूमिका दीवान 10वीं 62.66 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, नमन देहारी कक्षा 10वीं 77.33 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, यशराज पुरामे 12 वीं 72.20 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, पुजा नुरुटी 12वीं 69.80 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, दुर्गा नुरुटी 12वीं 54.80 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी, भूमिका पुरामे 12 वीं 66.20 प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं आयुषी देहारी कक्षा छठवीं में एक्लव्य में चयन हुआ है। इस मौके पर ग्राम पटेल प्यारेलाल दीवान, वार्ड पंच रुपेश दीवान, ग्राम गायता देवलु देहारी, सगनू दीवान, बिसाहू चूरपाल, फत्तेसिंह दीवान, शिवनाथ दीवान, छब्बी ठाकुर, धनेश राना, सामदेव दीवान, बिदेसिंह देहारी, कदम दीवान, बीरेंद्र पुरामे, नंदकुमार देहारी, प्राथमिक शाला सोनादई के सहायक शिक्षक नरेश गावड़े सहित ग्राम के महिला-पुरुष, ग्राम संघठन युवा एवं जय माँ सोनादाई बालिका समूह के युवतियाँ उपस्थित होकर सभी बच्चों को बधाई शुभकामनायें देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया।

# शराब पीकर शाला पहुंचने वाले 2 हेडमास्टर निलंबित

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने 5 शिक्षकों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया है। इनमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लोहण्डीगुड़ा से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्राथमिक शाला कहच्छेनार के सहायक शिक्षक एलबी गौतम कुमार वर्मा को शाला से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1,2,3) का दोषी पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी लोहण्डीगुड़ा किया गया है। वहीं जगदलपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्राथमिक शाला छोटेमुरमा के प्रधान अध्यापक मोसू राम को शाला दिवस में शाला समय में शराब पीकर आने, हर वक्त नशे में रहने, शाला समय में विद्यालय में उपस्थित नहीं होने एवं समय पूर्व शाला बंद कर चले जाने के फलस्वरूप दोषी पाये जाने से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## हाटकर्रा हायर सेकंड्री स्कूल के बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

हायर सेकेंडरी एवं माध्यमिक शाला हाटकर्रा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा आठवीं के परीक्षा में 25 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। संस्था में प्रथम स्थान ख़लिश कुमार 94 प्रतिशत एवं वेदांशु सिन्हा 81 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं पुरूषोतम 79 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं परीक्षा में 43 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 41 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें से 24 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था के लक्की प्रसाद 92.16 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान एवं तिलेश्वर साहू 89.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय और रिया उसेंडी 86 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किस्स। दसवीं का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं में कुल 46 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 30 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कामेश नेताम ने सबसे अधिक 88 प्रतिशत के प्रथम स्थान एवं सुमित कुमार सिन्हा 80 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा दीपांशु 79 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा। संस्था के प्राचार्य जेएल साहू एवं समस्त स्टाफ द्वारा उत्तीर्ण छात्र छात्राओं कि उज्वल भविष्य की कामना किया।

## साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण, जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार के दिए निर्देश

# बस्तर के कमिश्नर ने नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय का किया औचक निरीक्षण और दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने शुक्रवार को जिले के भ्रमण के दौरान नरहरपुर विकासखण्ड मुख्यालय के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर विभागीय कामकाज के बेहतर सम्पादन करने सहित जनहितकारी योजनाओं का कारगर कार्यावंयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सभी शासकीय कार्यालयों तथा कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को स्वस्फूर्त होकर सहभागिता निभाने पर बल देते हुए कहा कि स्वच्छता को अपने व्यवहार में शामिल कर अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करें। सामूहिक सहभागिता से हर महीने तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाए जाने कहा। नरहरपुर में बाल विकास परियोजना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान किराए में संचालित उक्त कार्यालय के लिए उपलब्ध अन्य शासकीय भवन चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय और खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में नवीन शौचालय निर्माण सहित रनिंग वॉटर की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने कहा। साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मेगा समर कैम्प को कार्ययोजना के अनुरूप संचालित किए जाने पर बल देते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। तहसील कार्यालय के निरीक्षण में नामांतरण-बंटवारा, सीमांकन प्रकरणों के निराकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए और स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वित पहल किए जाने कहा। कमिश्नर ने तहसील कार्यालय के रिकार्ड रूम को निर्वाचन के स्ट्रांग रूम की भांति व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने पर जोर देते हुए रिकार्ड रूम में रिकार्ड का समुचित संधारण के साथ ही नियमित साफ-सफाई करने, निर्धारित दवाई का छिड़काव करने सहित विद्युत आपूर्ति के कटआउट बाहर लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय में आम जनता और किसानों के विश्राम करने के लिए कृषक कक्ष निर्मित किए जाने कहा। कमिश्नर ने जनपद पंचायत कार्यालय में दस्तावेजों के रखरखाव सहित साफ-सफाई की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इस दिशा में जल्द सुधार लाने की चेतावनी दी। उक्त सभी कार्यालयों में कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका एवं पासबुक का संधारण, कार्यालयीन केशबुक, नस्तियों एवं पंजियों के संधारण का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही नियमित वेतन भुगतान और अन्य स्वत्वों के सम्बंध में कार्यरत कर्मचारियों से पूछा। इस दौरान एसडीएम अरूण वर्मा और सम्बन्धित विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज